**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 16.07.2025 (दोपहर–1455 बजे)**

बोकारो जिले के जागेश्वर विहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत काशी लुगु पर्वतमाला के काशीटांड़ जंगल में पुलिस और नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गए हैं। इस मुठभेड़ में कोबरा बटालियन का एक जवान उस समय शहीद हो गया जब उसे गंभीररूप से घायल होने के बाद बोकारो जिले के जंगल से रांची ले जाया जा रहा था।

सूत्रों के अनुसार सुरक्षा बलों ने स्वंभू सब–जोनल नक्सल कमांडर कुंवर मांझी को मुठभेड़ के दौरान मार गिराया। मुठभेड़ आज तड़के साढ़े 6 बजे शुरु हुई थी। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 209 कोबरा यूनिट के सैनिकों द्वारा संचालित ऑपरेशन के दौरान एकके 47 राइफल बरामद की गई। वृस्तित ब्यौरा हमारी संवाददाता से –

******************

रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने नई दिल्ली में केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की। इस मुलाकात में झारखंड के ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं और उसके क्रियान्वयन पर रक्षा राज्य मंत्री ने चर्चा की। श्री सेठ ने झारखंड में दो लाख लाभुकों के लिए पीएम आवास स्वीकृत करने का आग्रह केन्द्रीय मंत्री से किया।

******************

देवघर जिले में राजकीय श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देश पर मेला क्षेत्र के विभिन्न स्थलों पर अग्निशमन विभाग द्वारा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान बाबा मंदिर, बाघमारा बस स्टैंड, शिवलोक परिसर, बीएड कॉलेज होल्डिंग प्वाइंट, नेहरू पार्क और टेंट सिटी में आग लगने की स्थिति से निपटने की तैयारियों का अभ्यास किया गया।

******************

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने विद्यार्थियों में स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए स्कूलों से तेल बोर्ड स्थापित करने को कहा है। सभी स्कूल प्रमुखों को लिखे एक पत्र में सीबीएसई ने उनसे पौष्टिक और स्वास्थ्य वर्धक भोजन विकल्पों की उपलब्धता और गतिविधि उपायों के माध्यम से स्कूलों में स्वस्थ भोजन और शारीरिक गतिविधियों को बढ़ावा देने को कहा है। बोर्ड ने विद्यार्थियों को सीढ़ियों का उपयोग करने, छोटे व्यायाम अवकाश आयोजित करने और पैदल चलने के मार्गों को सुगम बनाने के लिए भी कहा है।

******************

धनबाद जिले में भारतीय डाक विभाग ने डाक जीवन बीमा को लेकर आज प्रभात फेरी निकाली। यह फेरी कोर्ट रोड, हीरापुर और रणधीर वर्मा चौक होते हुए डाक विभाग कार्यालय तक पहुंची। इस मौके पर डाक विभाग के अधीक्षक उत्तम कुमार सिंह ने बताया कि इस प्रभातफेरी के माध्यम से लोगों को डाक जीवन बीमा और ग्रामीण डाक जीवन बीमा की जानकारी दी जा रही है।

******************

लोहरदगा जिला मे स्वास्थ्य और पोषण से जुड़ी योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

******************

सरायकेला–खरसावां के केंद्रपोसी गांव में पारिवारिक विवाद के चलते एक भाई ने दूसरे की हत्या कर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी की तलाश में छापेमारी जारी है।

******************

मौसम विभाग ने हजारीबाग, कोडरमा और गिरिडीह जिलों में अगले तीन घंटों के भीतर कहीं–कहीं हल्की गरज के साथ बिजली गिरने की संभावना व्यक्त की है। विभाग ने लोगों से सतर्क रहने और राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की दिशा–निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

***************